समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 30 August 2026


# नासिक मे परिवार की पिकनिक बनी खौफनाक घटना, महिला से छेड़छाड़ के बाद 20 किमी तक पीछा कर किया हमला

Sanket Morankar

Published on 14 Jul 2026



महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी स्थित **भावली डैम और झरना क्षेत्र** में रविवार को पिकनिक मनाने गया एक परिवार उस समय दहशत में आ गया, जब परिवार की एक महिला के साथ कथित छेड़छाड़ का विरोध करने पर कुछ युवकों ने परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने परिवार की कार का लगभग **20 किलोमीटर तक पीछा किया** और लोहे की रॉड व डंडों से वाहन में जमकर तोड़फोड़ की।

महिला से कथित छेड़छाड़ के बाद बढ़ा विवाद

पीड़ित परिवार के अनुसार, आठ सदस्य पिकनिक मनाने के लिए भावली डैम पहुंचे थे। वापसी के दौरान वहां मौजूद दो युवकों ने परिवार की एक महिला पर कथित रूप से फब्तियां कसीं और छेड़छाड़ की। महिला और उसके पति ने इसका विरोध किया तो आरोपी आक्रामक हो गए।

महिला ने बताया कि जब परिवार वहां से निकलने लगा तो कुछ अन्य लोग भी आरोपियों के साथ आ गए और सभी ने मिलकर परिवार के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी।

20 किलोमीटर तक पीछा कर कार में तोड़फोड़

परिवार का आरोप है कि किसी तरह वहां से निकलने के बाद भी आरोपी नहीं रुके। उन्होंने कार को रास्ते में रोकने की कोशिश की और लगभग 20 किलोमीटर तक पीछा करते रहे। इस दौरान डंडों और लोहे की रॉड से कार के शीशे और अन्य हिस्सों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

घटना के समय कार में छोटे बच्चे भी मौजूद थे, जो इस हमले के बाद गहरे सदमे में हैं।

सोने की चेन और मोबाइल भी गायब

परिवार ने आरोप लगाया कि झड़प के दौरान पीड़ित महिला के पति के गले से सोने की चेन भी छीन ली गई। वहीं परिवार की एक सदस्य का मोबाइल फोन भी गायब हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

नौ आरोपी हिरासत में, एक की तलाश जारी

पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर **इगतपुरी पुलिस** ने दस आरोपियों में से **नौ को हिरासत मे लेकर पूछताछ शुरू कर दी है**, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए आरोपियों में से एक के खिलाफ पहले से हत्या का मामला भी दर्ज है। मामले की जांच जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.